प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–विश्व शीतकालीन खेलों के पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी राज्य सरकार।
- भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग के अनुसार –बजट 2025 हिमाचल के लाखों लोगों के जीवन में लाएगा सकारात्मक बदलाव।
- एचआरटीसी चालक परिचालक संघ ने उनकी वित्तीय देनदारियों को जल्द भुगतान करने की सरकार से की मांग।
- चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कल से होने वाली परीक्षाएं आठ मार्च तक स्थगित।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से इटली के ट्यूरिन में सात से 16 मार्च तक आयोजित होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए चयनित प्रदेश के विशेष एथलीटों और प्रशिक्षकों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए ये खुशी की बात है कि इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए चयनित 49 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल में 24 एथलीट और कोच हिमाचल प्रदेश से संबंधित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी प्रतिभागी इस आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में 10 मार्च को प्रदेश विधानसभा के 8वें सत्र के शुभारम्भ अवसर पर राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने बजट सत्र में भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट 2023–24 को प्रस्तुत करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने विभिन्न श्रेणियों के एक सौ 45 पदों को सृजित कर भरने का निर्णय लिया। बैठक में शिमला स्थित अटल सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल संस्थान, चमियाणा में गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के लिए दो वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सकों के पद सृजित कर भरने की भी मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने पारंपरिक कत्था भट्टियों को आई. बी.आर बायलर युक्त कत्था भट्टियों में परिवर्तित करने की भी स्वीकृति प्रदान की।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मातृवन्दना पत्रिका के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन विचारधारा के प्रवास से ही संभव है।

राज्यपाल ने कहा कि पत्र–पत्रिकाओं का महत्व न केवल सूचनाप्रद लेखों के माध्यम से पाठकों का ज्ञानवर्धन करना है, बल्कि समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से भावी पीढ़ी को अवगत कराकर उनमें राष्ट्रीयता की भावना को प्रबल करना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मातृवन्दना पत्रिका का यह विशेषांक हिमाचल प्रदेश के कोने–कोने में पंच परिवर्तन का संदेश पहुंचाने में सफल होगा। राज्यपाल ने नशामुक्त हिमाचल अभियान में सहयोग देने की भी अपील की। सांसद सिकंदर कुमार और सुरेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

तरूण चुग

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व बजट प्रावधान किए हैं। मंडी में आज केंद्रीय बजट 2025–26 पर विकसित भारत का रोड़ मैप प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये बजट हिमाचल के लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। तरूण चुग ने विश्वास जताया कि बजट 2025 राज्य के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा और नये अवसरों के द्वार खोलेगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है जबकि कांग्रेस सरकार राज्य की जनता के हितों की अनदेखी कर रही है। तरूण चुग ने कहा कि केंद्र सरकार मंदिरों का विकास कर रही है लेकिन कांग्रेस मंदिरों की सम्पति पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का रोड़ मैप है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज आर्थिक, वैज्ञानिक व सामरिक सभी मोर्चों पर अग्रणी देशों में शामिल है।

अंतिम संस्कार

ऊना जिला के प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल डेरा बाबा रूद्रानंद के अध्ष्ठिाता स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज के महाप्रयाण पर प्रदेश सरकार ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिक शरीर को पंच तत्वों में लीन किया। उनकी अंतिम यात्रा में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज का कल पीजीआई चंड़ीगढ़ में 98 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया था। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज का संपूर्ण जीवन सनातन धर्म और मानवता की सेवा में समर्पित रहा।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि केंद्र से प्राप्त धनराशि का सही तरीके से उपयोग हो सके। वे आज शिमला में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं और आम लोगों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बैठक के बाद पत्रकारों से अनौपचारीक बातचीत में सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश की भरपूर आर्थिक मदद कर रही है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर केंद्र राज्य की आर्थिक मदद न करे तो प्रदेश सरकार कर्मचारियों की सैलरी व पैंशन देने में भी सक्षम नहीं है।

एचआरटीसी यूनियन

प्रदेश के पथ परिवहन निगम के चालक–परिचालक संघ ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शिमला में निगम के प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत की। चालक–परिचालक संघ के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने कहा है कि निगम प्रबंधन के साथ हुई बातचीत का कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि चालक परिचालकों की वित्तीय देनदारियों का जल्द भुगतान नहीं किया गया तो 6 मार्च के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा।

परीक्षा स्थगित

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कल 4 मार्च को होने वाली वार्षिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारी बारिश व बर्फबारी के कारण पांगी में स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र नहीं पहुंच सके। ऐसे में आठ मार्च तक होने वाली तीनों परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल होते ही प्रश्न पत्रों को पांगी के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि बच्चे परीक्षा दे सकें।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में आज हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर वर्षा हुई है। जनजातीय जिले लाहौल स्पिति व किन्नौर सहित चंबा, कुल्लू और शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दोपहर बाद से रूक–रूक कर हल्की बर्फबारी हुई है। हालांकि प्रदेश में बीते दिनों हुए हिमपात और भू–स्खलन के चलते कई स्थानों पर अभी भी बिजली, पानी व सड़क सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है और इन्हें दुरूस्त करने के प्रयास लगातार जारी हैं। भारी बर्फबारी के कारण चंबा जिला के जनजातीय पांगी घाटी की कुमार पंचायत के वार्ड नम्बर 3 और चार में बीते दिनों ग्लेशियर से तीन घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। कुमार पंचायत वार्ड पंच देव राज ने सरकार से जल्द से जल्द इन परिवारों को उचित मुआवजा देने का आग्रह किया है। उन्होंने क्षतिग्रस्त विद्युत लाईन और संचार सुविधा को सुचारू करने की भी मांग की है। उधर किन्नौर जिले के छितकुल में बर्फबारी के कारण फंसे 13 पर्यटकों को आज जिला प्रशासन, पुलिस व लोक निर्माण विभाग की मदद से सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया गया। इस बीच मौसम विभाग ने कल राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि निचले व मैदानी इलाकों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ वर्षा की संभावना जताई है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–विश्व शीतकालीन खेलों के पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी राज्य सरकार।
- भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग के अनुसार –बजट 2025 हिमाचल के लाखों लोगों के जीवन में लाएगा सकारात्मक बदलाव।
- एचआरटीसी चालक परिचालक संघ ने उनकी वित्तीय देनदारियों को जल्द भुगतान करने की सरकार से की मांग।
- चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कल से होने वाली परीक्षाएं आठ मार्च तक स्थगित।